आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 19.01.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– दूरदर्शी वैज्ञानिकों से भविष्य की चुनौतियों का समाधान मिलने से भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए मानक स्थापित कर रहा है।
- प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी से मन की बात में संविधान निर्माण में संविधान सभा के सदस्यों को नमन किया। नागरिकों से इन महान नेताओं के विचारों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।
- प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए राजनैतिक दलों का प्रचार चरम पर।
- खेल मंत्री रेखा आर्य ने अल्मोड़ा में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन स्थल का निरीक्षण किया।

मन की बात 1

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत प्रखर वैज्ञानिकों और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों की बदौलत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है, जिससे भावी चुनौतियों के समाधान उपलब्ध होंगे। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ 18वीं कड़ी में उन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की हाल की उपलब्धियों की सराहना की। श्री मोदी ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कार्यरत बैंगलुरू के स्टार्ट–अप पिक्सल की प्रशंसा की।

प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष में उपग्रहों की डॉकिंग में मिली सफलता के संबंध में कहा कि यह तकनीक अंतरिक्ष केंद्रों को सामग्री की आपूर्ति और अंतरिक्ष में यात्रियों को भेजने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने देशवासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की भी अग्रिम शुभकामना दी।

प्रधानमंत्री ने 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन भारत के चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले के संबंध में श्री मोदी ने कहा कि यह समता–समरसता का एक असाधारण संगम है। प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के योगदान को याद करते हुए कहा कि 23 जनवरी को नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाएगी।

कुंभ विशेष रेलगाड़ियां

उत्तर रेलवे ने महाकुंभ मेले के लिए श्री माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन, कटरा और प्रयागराज के बीच तीन विशेष रेलगाडियों की घोषणा की है। पहली रेलगाडी 24 जनवरी को श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से तडके 3 बजकर 50 मिनट पर रवाना होगी और 25 जनवरी को शाम 4 बजकर 25 मिनट पर प्रयागराज पहुंचेगी। उसी दिन यह प्रयागराज से कटरा के लिए रवाना होगी। कटरा स्टेशन से अगली दो रेलगाडियां 7 और 14 फरवरी को चलेंगी और अगले दिन प्रयागराज पहुंचेंगी। प्रयागराज से ये रेलगाडियां 8 और 15 फरवरी को शाम साढे सात बजे कटरा के लिए रवाना होंगी और अगले दिन रात 10 बजे कटरा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगी।

## वाहनों की व्यवस्था

देहरादून जिला प्रशासन ने सीमांत क्षेत्र त्यूणी के बच्चों को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के लिए चकराता में बनाए गए परीक्षा केन्द्र तक लाने व ले जाने हेतु वाहनों की व्यवस्था की है। जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशों के अनुपालन में जिले में उत्कर्ष परियोजना के तहत स्कूलों में संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय और राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में सुविधा बढाने के लिए जिलाधिकारी ने स्वीकृति देते हुए फंड उपलब्ध कराने की बात कही है।

## चुनाव प्रचार

प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए मतदान की तारीख नजदीक आते ही विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों और निर्दलीय उम्मीदवारों का प्रचार चरम पर है। इस दौरान सभी रोड शो, जनसभा और जनसम्पर्क के जरिए जनता से समर्थन मांग रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चम्पावत के बनबसा में नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी और अन्य सभासद प्रत्याशियों के पक्ष में रोडशो कर जनता से भाजपा को प्रचंड मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा बनबसा के विकास को प्राथमिकता दी है और नगर निकाय में ट्रिपल इंजन सरकार बनने के बाद यहां के विकास में तीन गुना तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है।

उधर, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने चमोली के गोपेश्वर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष और पार्षद पद के कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने की जनता से अपील की। श्री गोदियाल ने कहा कि प्रदेश के मुखिया निकाय चुनाव में जहां भी जा रहे हैं, वहां ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की बात कर रहे हैं, लेकिन जनता उनके इस बहकावे में नहीं आने वाली है।

रेखा आर्य निरीक्षण

खेल मंत्री रेखा आर्य ने आज अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में श्रीमती आर्य ने कहा कि अल्मोड़ा जैसे पहाड़ी जिले में योगासन प्रतियोगिता होना एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी।

उधर, अल्मोड़ा की जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्य ने बताया कि योगासन प्रतियोगिता में देशभर के 272 खिलाड़ी, योग की विविध विधाओं का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

उत्तरायणी मेला

बागेश्वर जिले के ऐतिहासिक और पौराणिक उत्तरायणी मेले का आज रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने मेले को शान्तिपूर्वक संपन्न कराने में अधिकारियों और मेला कमेटी सहित ड्यूटी में लगे कर्मचारियों और सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेले हमारे सांस्कृतिक धरोहर है, इन्हें संजोए रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक दलों की शानदार प्रस्तुतियों को भी सराहा। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्र की सांस्कृतिक विविधता को समाहित करने वाला यह सांस्कृतिक आयोजन, सभी को अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के संकल्प की भी याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों के जरिए राज्य के कलाकारों को भी एक मंच मिलता है और उनकी कला को प्रोत्साहन मिलता है। समापन अवसर पर विभिन्न समितियों के सदस्यों और प्रशासनिक अधिकारियों और  सांस्कृतिक दलों के कलाकारों सम्मानित किया गया।